## उद्घाटन आज. दक्षिण पटना में रहने वाले लोगों को आने-जाने में होगी सुविधा

# सिपारा से महुली अब छह मिनट में

प्रोजेक्ट

संवाददाता, पटना

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार सोमवार को मीठापुर- महुली एलिवेटेड रोड के पहले फेज का सुबह 10:30 बजे उद्घाटन करेंगे. उद्घाटन को लेकर देर रात तक तैयारी होती रही. भूपतिपुर के पास कार्यक्रम रखा गया है. मीठापुर- महुली-पुनपुन परियोजना में सिपारा से महुली तक एलिवेटेड रोड बन कर तैयार है. साथ ही महुली से पुनपुन तक फोरलेन भी कंपलीट है. सिपारा से महुली एलिवेटेड रोड के चालू होने से पांच से छह मिनट में दूरी तय होगी. भूपतिपुर के पास बने रैंप से लोग सिपारा-महुली एलिवेटेड पर जायेंगे.मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड के चालू होने से पटना दक्षिण में रहने वाले लाखों लोगों को काफी सहूलियत होगी. साथ ही पटना से गयाजी, पटना रिंग रोड और पटना से बख्तियारपुर, आरा की कनेक्टिविटी बढ़ेगी.



रौशनी से जगमग सिपारा-महुली एलिवेटेड रोड

## दो चरणों में मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का हो रहा निर्माण

मीठापुर से महुली एलिवेटेड रोड का निर्माण दो फेज में हो रहा है . पहले फेज में सिपारा से महुली तक का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि मीठापुर से सिपारा तक रोड के स्ट्रक्चर में बदलाव कर मीठापुर-सिपारा-महुली-पुनपुन पथ परियोजना (फेज-2) का प्रावधान किया गया . इसमें मीठापुर से सिपारा तक (2.1 किमी) एलिवेटेड रोड व महुली से पुनपुन तक (2.2 किमी) तक फोरलेन का प्रावधान किया गया .सिपारा से महुली तक एलिवेटेड रोड व महुली से पुनपुन तक फोरलेन पूरा हो गया है .

**मीठापुर से सिपारा एलिवेटेड रोड नवंबर तक पूरा होगा** : मीठापुर से सिपारा- महुली एलिवेटेड रोड के दूसरे फेज में मीठापुर से सिपारा तक 2.10 किमी एलिवेटेड रोड का निर्माण हो रहा है . एलिवेटेड रोड के निर्माण का कार्य नवंबर तक पूरा हो जायेगा .इससे मीठापुर से महुली तक सीधे एलिवेटेड रोड से आवागमन होगा .